Regarding various Railways related issues pertaining to Bhiwandi Parliamentary Constituency-laid

श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे **(**भिवंडी**) :** मेरे भिवंडी लोक सभा क्षेत्र में कल्याण, बदलापुर, शहाड, टिटवाडा, अंबिवली तथा खडवली आदि रेलवे स्टेशन है । इस रेलवे स्टेशन से नौकरी के लिए मुंबई जाने वाले यात्रियों की संख्या बहुत बड़ी है । ये यात्री लोकल से यात्रा कर के अपने ड्यूटी स्टेशन पहुंचते हैं । उपरोक्त रेलवे स्टेशनों पर इन यात्रियों को आवश्यक सुविधाओं की कमी है । खासकर उपरोक्त सभी रेलवे स्टेशनों पर शेड बनाने की सख्त जरूरत है । इसके साथ ही खडवली रेलवे स्टेशन से मुंबई जाने वाली लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की बहुत आवश्यकता है । मैं माननीय रेल मंत्री से अनुरोध करता हूं कि खडवली रेलवे स्टेशन से अधिक संख्या मे लोकल ट्रेनें शुरू की जाएं और यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए उपरोक्त रेलवे स्टेशन के सुधार हेतु उचित राशी उपलब्ध कराई जाए । इसी तरह, कल्याण से उल्हासनगर होते हुए मुरबाड तक रेल सेवा शुरू करने की सख्त जरूरत है । कल्याण से मुरबाड रेल शुरु करने की मांग कई वर्षों से की जा रही है । प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्याण से मुरबाड तक 28 किमी रेलवे लाइन को रेल मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है । इसके साथ ही में माननीय रेल मंत्री से अनुरोध करता हूं कि वसई से दिवा रेल सेवा शुरू कर के यात्रीयों को यातायात की सुविधा उपलब्ध कराने की कृपा करें ।

____

13.39½ hrs